स्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा

:– द्वितीय प्रबन्ध मण्डल बैठक :–

कार्यवाही विवरण

थल : विश्वविद्यालय सभा कक्ष, प्रशासनिक भवन, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय परिसर, कोटा

नॉक : 14 सितम्बर 2007

मय : दोपहर 12 बजे

बैठक में निम्नांकित सदस्य उपस्थित हुए –

क्र० सं०	सदस्य का नाम	
1	प्रोफेसर दामोदर शर्मा, कुलपति	अध्यक्ष
2	श्री गजेन्द्र सिंह प्रतिनिधि श्री जी.एस. सन्धु प्रमुख शासन सचिव तकनीकी शिक्षा	सदस्य
3	श्री के. एल. शर्मा प्रतिनिधि श्री राजीव महर्षि, प्रमुख शासन सचिव वित्त	सदस्य
4	श्री हेमराज मीणा, विधायक	सदस्य
5	प्रोफेसर पी.के दशोरा	सदस्य
6	श्री आई. आर. त्रिवेदी	सदस्य
7	प्रोफेसर एन.सी. भण्डारी	सदस्य
8	प्रोफेसर जी.एस. रघुवंशी	सदस्य
9	श्री संत कुमार चौधरी	सदस्य
10	प्रोफेसर वी.के भंसाली	सदस्य
11	श्री सी.डी. प्रसाद	सदस्य
12	श्री आनन्द किशोर चतुर्वेदी	सदस्य
13	श्री एच. एस. गोयल, कुलाचिव	सदस्य सचिव

बैठक के प्रारंभ में श्री एच. एस. गोयल, कुलसचिव एंव सदस्य सचिव, प्रबंध मण्डल राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया। बैठक की शुरूआत माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में माँ सरस्वती की वंदना के साथ दीप प्रज्जवलित कर की गई।

मीटिंग में उपस्थित सभी सदस्यों ने राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा को सीमित संसाधनों के बावजूद RPETEAP, R-MAT एंव RMCAAT प्रवेश परीक्षा, 2007 दक्षतापूर्वक, निष्पक्ष एंव निर्धारित समय पर आयोजित करने एवं काउन्सलिंग की प्रकिया कुशलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए हार्दिक बधाई दी । साथ ही B-Tech. परीक्षा 2007 प्रथम वर्ष का परिणाम सीमित संसाधनों के बावजूद समय पर घोषित कर उल्लेखनीय कार्य करने के लिए सर्वसम्मति से बधाई ज्ञापित की गई एंव आशा प्रकट की गई कि भविष्य में भी विश्वविद्यालय प्रशासन इसी प्रकार या इससे भी तीव्र गति से कार्य करेगा।

द्वितीय प्रबंध मण्डल बैठक का कार्यवाही विवरण

कार्यसूची बिन्दु प्रथम : प्रबंध मण्डल की प्रथम बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन

राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय प्रबंध मण्डल की प्रथम बैठक दिनॉक 20 जून 2007 की कार्यवाही विवरण (मिनटस) के निम्न बिन्दुओं में संशोधन करते हुए सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

बिन्दु सं० 1.4

राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा के नियम, परिनियम व अध्यादेश आदि बनाने के लिए गठित समिति का सदस्य सचिव, कुलसचिव, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा होगा । यह समिति छह माह में नियमों, परिनियमों व अध्यादेशों का ड्राफ्ट तैयार कर प्रबंध मण्डल को प्रस्तुत करेगी। यदि आवश्यकता हुई तो समिति का कार्यकाल बढाया जा सकेगा।

बिन्दु सं. 1.6

राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा में भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा स्थापित होने वाले सेन्ट्रेक्स सिस्टम के लिए संशोधित सूची (सलंग्नक–1) अनुमोदित की गई है।

बिन्दु सं. 1.10

वित्त समिति की मीटिंग दिनॉक 27.04.2007 में लिये गये राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा के लिए विकास शुल्क सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा वित्तीय वर्ष 2007-08 में छात्रों के एनरोलमेंट के समय एंव आगे के वर्षो के लिए छात्रों के प्रवेश के समय लिया जायेगा।

बिन्दु सं. 1.17

परीक्षा नियंत्रक छह माह के अन्दर पॉवर पाईंट प्रजेन्टेशन (एन्टरप्राईज रिर्सोस प्लानिंग से संबंधित) तैयार कर प्रस्तुत करेंगें।

बिन्दु सं. 1.18

RPETAP, R-MAT एंव RMCAAT के द्वारा प्रवेश परीक्षा से संबंधित ऑन लाईन काउंसलिंग हेतु राष्ट्रीय सूचना केन्द्र अथवा अन्य किसी संस्था से कार्यवाही की जानी है तो इसके लिए पॉवर पाईंट प्रजेन्टेशन तैयार कर तीन माह में प्रस्तुत करें जिससे आगामी वर्ष 2008-09 की काउंसलिंग ऑन लाईन करवाई जा सके।

द्वितीय प्रबंध मण्डल कार्यसूची बिन्दु सं. 2

केरियर एडवांसमेंट योजना के बारे में जो निर्णय लिये गये उनके उसी दिन कार्यवाही विवरण बनाकर सभी सदस्यों से हस्ताक्षर करवा लिये गये थे एंव कार्यवाही विवरण की एक प्रति सभी सदस्यों को दे दी गई थी। छायाप्रति सलंग्न (अनुलग्नक सं०-2) है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि राज्य सरकार को केरियर एडवांसमेंट योजना के तहत रीडर से प्राफेसर पद पर पदोन्नति के संबंध में तकनीकी शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक प.18(2) त. शि. /98 दिनांक 13 अप्रैल, 2007 द्वारा लगाई गई रिक्त पदों की सीमा को हटाने के लिए लिखा जाये तथा अन्य विश्वविद्यालयों की राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा में भी केरियर एडवांसमेंट योजना का लाभ शिक्षक की योग्यता तिथि (Eligibility Date) से देने बाबत निवेदन किया जाये।

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया जाकर बैठक समाप्त घोषित की गई।

(प्रोफेसर दामोदर शर्मा)
अध्यक्ष

(एच.एस. गोयल)
सदस्य सचिव